तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025




13 शिवालयों में किया गया जलाभिषेक



14 विधायक इंद्रकुमार साहू ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ निकाली शिवधाम यात्रा








# डीएपी संकट: किसानों का दर्द, जनप्रतिनिधि का अनोखा विरोध

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम**

ग्रामीण छत्तीसगढ़ में खेती जीवन का आधार है, लेकिन इस समय किसान डीएपी खाद की भारी किल्लत और कालाबाजारी से बुरी तरह परेशान हैं। बीज के बाद अब खाद संकट ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य यशवंत धनेन्द्र साहू ने एक अनूठा और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया है।

यशवंत साहू ने अपनी धोती-कुर्ते पर खाद संकट से जुड़े संदेश लिखवाकर साइकिल यात्रा शुरू की। उनके संदेशों में 'मैं परेशान हूँ क्योंकि किसान हूँ' और 'खाद और डीएपी की कालाबाजारी बंद करो' प्रमुख थे। यह यात्रा उन्होंने अपने निवास से शुरू कर ग्रामीण मार्गों से होते हुए जिला पंचायत मुख्यालय तक की। वहाँ उन्होंने खाद की तत्काल उपलब्धता की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।

## खाद की किल्लत और कालाबाजारी से त्रस्त किसान, यशवंत साहू ने धोती पर लिखे संदेश से उठाई आवाज

### यशवंत साहू की मांगें

यशवंत साहू ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि तत्काल डीएपी खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी समितियों में खाद की पारदर्शी वितरण प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ का किसान अब चुप नहीं रहेगा और खाद व डीएपी हर खेत तक पहुंचे, यही उनकी लड़ाई है। यशवंत साहू ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि संवेदनशीलता और जमीन से जुड़े हों, तो बदलाव अवश्य आता है। उन्होंने किसानों की आवाज को शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीकों से उठाकर यह साबित किया है।




### खाद संकट का असर

खाद संकट से किसानों को बुवाई और फसलों की सही वृद्धि में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी खाद की कमी से पैदावार पर सीधा नकारात्मक असर पड़ सकता है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब होने की आशंका है। कालाबाजारी के कारण किसानों को मजबूरन महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जो उनकी लागत बढ़ा रही है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला मंत्री नियुक्त की गई श्रुति



**मैनपुर।** विकासखण्ड की भाजपा नेत्री श्रुति ध्रुवा को भाजपा गरियाबंद जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। भाजपा जिला मंत्री नियुक्त होने पर श्रुति ध्रुवा ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री पवन साय एवं गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### आदिवासी समाज के विस्थापन और बेदखली से अस्तित्व और संस्कृति खतरे में: लोकेश्वरी



**मैनपुर।** आदिवासी मामले को लेकर आदिलाबाद तेलंगाना में गोंड समाज का महाअधिवेशन हुआ। कार्यक्रम में देशभर के गोंड आदिवासी समाज के सदस्य उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ आदिवासी नेत्री श्रीमति लोकेश्वरी नेताम, आर एन ध्रुव एवं हेमलाल मरकाम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इस दौरान लोकेश्वरी नेताम ने छत्तीसगढ़ में हो रहे आदिवासियों की अभयारण, खदान एवं उद्योग के नाम से बेदखली विस्थापन को लेकर जोर–जोर से मामला उठाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विस्थापन और बेदखली का दंश झेल रहा है जिसके कारण उनके अस्तित्व संस्कृति खतरे में पड़ गई है छत्तीसगढ़ में कानून तो बना है मगर पांचवी अनुसूची पेसा एक्ट जैसे संवैधानिक अधिकार का पालन नहीं हो रहा है। देशभर के इस तरह से प्रभावित लोग मिलकर एक साथ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। तेलंगाना के जिला आसिफाबाद जहां पर पूरे देश में पूजे जाने वाले क्रांतिकारी सहित कोमारम भीम गोंड की जन्मस्थली है।

### तीन साल का बच्चा नाला में डूबा , मौत



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड क्षेत्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है अपने दादा के पीछे-पीछे जा रहे एक तीन चार वर्ष की बच्चे की गड्ढे में गिरने के बाद पानी में डूब जाने से मौत हो गई खबर की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर शव को गड्ढे से निकाला जा रहा है। यह घटना देवभोग थाना के ग्राम धौराकोट की बताई जा रही है। बालक का नाम सचिन नागेश उम्र तीन साल है, वह घर से कुछ ही दूरी पर डूब गया। देवभोग पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नाले से निकालकर लिया अपने कब्जे में लिया घटना ने परिवार के एक लौते चिराग को छीन लिया। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है।

## 'जान जोखिम में डालकर काम कर रहे कर्मचारी', कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच की मांग

# बीईओ कार्यालय में घटिया मरम्मत कार्य लाखों का बजट चढ़ा लीपापोती की भेंट

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर**

निर्माण कार्यो में शासकीय राशि का कैसा दुरूपयोग किया जाता है अगर इसे देखना हो तो तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में देखा जा सकता है आज से 4–5 माह पहले मैनपुर स्थित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मरम्मत के लिए लाखो रूपये का बजट मिला था लेकिन मरम्मत के नाम पर लिपापोती कर लाखो रूपये राशि हजम किये जाने की सनसनी खेज मामले सामने आया है और तो और इस मामले के सामने आने के बाद अब कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे है।

- 4–5 माह पहले लाखों रुपए की राशि से हुआ था मरम्मत, अब भी टूट-टूटकर गिर रहा प्लास्टर

मैनपुर बीईओ कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कार्य करने मजबूर हो रहे है नगर व क्षेत्र के लोगो ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर श्री बी एस उईके से मांग किया है कि इस मामले में कमेटी गठित कर मामले की जॉच करवा दोशियो पर कार्यावाही किया जाये और शासकीय राशि की वसूली किया जाये।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे कार्य करने वाले कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी जान जोखिम मे डालकर कार्य करने मजबूर हो रहे है क्योंकि बीईओ कार्यालय का प्लास्टर टूट टूटकर गिर रहा है जिससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घटने का अंदेशा है बावजूद इसके इस ओर ध्यान देने वाला कोई नही है।







### क्या कहते है अधिकारी

यह मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है और कार्यालय के भीतर कमरों में प्लास्टर टूट–टूटकर गिर रहा है। इसका मरम्मत नहीं की गई है, इसकी जानकारी संबंधित विभाग को पूर्व में ही दिया जा चुकी है।

**- महेश पटेल,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी



### लोक निर्माण विभाग पर खड़े हुए सवाल

उल्लेखनीय है कि तहसील मुख्यालय मैनपुर में लगभग 20 वर्ष पुराने भवन मे विकासखंड शिक्षा कार्यालय संचालित किया जा रहा है और इस भवन का छत पूरी तरह जर्जर हो गया है और प्रतिदिन इस कार्यालय मे बड़ी संख्या मे शिक्षक व अन्य लोग अपने काम के सिलसिले मे आते है नगरवासियों के मांग पर इस कार्यालय के मरम्मत के लिए लाखो रूपए छह माह पहले स्वीकृत हुआ था और मरम्मत कार्य भी प्रारंभ किया गया था लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ छत के उपर हल्की सी सिमेंट का परत घोल पिलाकर कार्य को शायद पूर्ण बता दिया गया है जबकि इस भवन के भीतर सिलिंग टूट–टूटकर प्लास्टर सिमेंट गिर रहे है जिससे इस भवन मे काम करने वाले कर्मचारियों मे दहशत और डर बना रहता है जान जोखिम मे डालकर कार्य कर रहे है जब तहसील मुख्यालय मे निर्माण एजेंसी द्वारा ऐसे निर्माण कार्य को अंजाम दिया जायेगा तो दूरस्थ वनांचल क्षेत्रे की बात तो छोड़ ही दीजिए जो जांच का विशय है साथ ही इस निर्माण कार्य मे संबंधित विभाग के भूमिका पर भी सवाल खड़े कर रहा है बहरहाल जो भी हो इन दिनो बीईओ कार्यालय के भीतर कार्य करने वाले कर्मचारियों मे दहशत देखने को मिल रहा है और इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाना जरूरी है।

## चेतावनी के 24 घंटे बाद पहुंची खाद, आंदोलन स्थगित



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बम्हनीझोला कोयबा, नागेश, साहेबिनकछार, उदंती, जांगड़ा, बरगांव क्षेत्र के किसानो के द्वारा लंबे समय से खाद की मांग किया जा रहा था लेकिन सहकारी सोसायटी में खाद उपलब्ध नही होने के कारण कल मंगलवार को किसानो ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया था कि खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर 1 अगस्त 2025 को नेशनल हाईवे 130 सी पर बम्हनीझोला में चक्काजाम किया जायेगा और इस संबंध में एसडीएम मैनपुर को ज्ञापन भी सौपा गया था।

- बम्हनीझोला में खाद उपलब्ध न होने पर किसानों ने दी थी आंदोलन की चेतावनी
- प्रशासन की तत्परता से मिली राहत, किसानों ने जताया आभार

किसानो के आंदोलन की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आया और 24 घंटे के भीतर ही किसानो को खाद उपलब्ध कराई गई। आज बुधवार को सुबह से दो ट्रक के माध्यम से बम्हनीझोला खाद पहुंचायी गई जिससे किसानो को राहत मिला है और किसानो ने 01 अगस्त को करने वाले चक्काजाम को स्थगित कर दिया है साथ ही किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष अर्जुन नायक, पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम ने बताया किसानो को अब खाद पहुंचाने से किसानो में खुशी देखने को मिल रही है और कल आंदोलन को स्थगित किया गया है साथ ही खाद उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## खुटेरी सड़क पर ट्रक फंसा, दोनों तरफ वाहन की लगी लंबी कतार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर**

कुण्डेल से खुटेरी फिंगेश्वर सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर हो गया है, की जगह गढ्ढा बन गया है। जिससे आये दिन दुर्घटना आम हो गया है। गड्ढे में पानी भरा रहता है। राहगीर छोटे वाहन मोटरसाइकिल चालक को पता नहीं रहता। अचानक गिर जा रहे हैं। बड़े वाहन भी एक गड्ढे को निकाल आगे बढ़ते थोड़ी दूर में दूसरे गढ्डामें फंस रहे हैं। वाहन फसने से मोटरसाइकिल सवार जैसे तैसे किनारे से होकर निकल जाते हैं वहां बड़ी शासन को अपना रास्ता बदलना मजबूरी हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने इनकी शिकायत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गरियाबंद मुख्य कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर दी। उनका कहना है कि मेंटेनेंस का इस सड़क मे कोई फंड नहीं है। प्राक्कलन भेजा गया है शासन से स्वीकृत होने ▸▸| शेष पेज 13 पर

- स्कूल जा रहे बच्चे भी फंसे
- पीएमजीएसवाय के पास मरम्मत के लिए फंड नहीं





## देवगांव में 1.75 लाख की चोरी, आठ दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर थाना अंतर्गत ग्राम देवगांव में एक सप्ताह पहले शनिवार रात को किराना दुकान से 1.75 हजार की नगद चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस अब तक मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। लाखों की नगदी चोरी का खुलासा पुलिस आठ दिन बाद भी नहीं कर सकी। पुलिस आसपास गांव के दुकानो में सीसीटीवी खंगाल रही है। पुराने अपराधिक मे शामिल रिकॉर्ड से पुछताछ जारी है।

दुकानदार नारायण साहू के अनुसार से महज इतना अहसास जान पड़ा कि पर्दा से कुदने धमाड़ से अवाज आई, किधर गये पता नहीं चला,ठीक इसके कुछ समय पहले लघुशंका के लिए उठा था तब कुछ भी नहीं पता चला। इस चोरी से लेन-देन प्रभावित हूआ है। पुलिस प्रयास कर रहा है पर आरोपी पकड़ से बाहर है,इसका अपसोस है। जिसको लेकर ग्रामिण अंचल के बेलर खोमन ▸▸| शेष पेज 13 पर

## आपस के मतभेद भुलाकर कांग्रेस को मजबूत करने कार्यकर्ता एकजुट होकर करें कार्य



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इन दिनो कांग्रेस संगठन में बड़ी चहल पहल देखने को मिल रहा है। पहली बार मंडल का गठन कांग्रेस में किया जा रहा है। मंडल और सेक्टर की गठन के लिए बकायदा हर ब्लॉक के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। मैनपुर ब्लॉक प्रभारी जितेन्द्र ठाकुर एवं जिला कांग्रेस कमेटी प्रशासनिक महामंत्री ओंकार ठाकुर की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित की गई।

- मंडल और सेक्टर कमेटी गठन के लिए कांग्रेस प्रभारी ठाकुर ने ली बैठक

इस दौरान जिला प्रशासनिक महामंत्री ओंकार ठाकुर ने कहा, मंडल और सेक्टर कमेटी का गठन करना है। इसके लिए सभी मंडलो में योग्य और निर्भिक जुझारू कार्यकर्ताओं को मौका दिया जायेगा। जिसे भी मंडल और सेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी एकजुट होकर पार्टी के हित में कार्य करेंगे। मैनपुर प्रभारी जितेन्द्र ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया कि आपस के मतभेद भुलाकर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना है। साथ ही ऐसे व्यक्ति को मंडल और सेक्टर अध्यक्ष के रूप में चयनित करें, जिसके नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एकजुटता के साथ कार्य कर सके। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन काफी मजबूत है और पूरी मजबूती के साथ केन्द्र और राज्य सरकार के असफलताओ को उजागर कर रही है कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा सरकार के दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस हमेशा से सड़क की लड़ाई लड़ रही है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा मंडल और सेक्टर में नियुक्ति के बाद संगठन और मजबूत होगी। उन्होंने कहा क्षेत्र की समस्याओं को संगठन में रखकर उसके समाधान के लिए संघर्ष करने की जरूरत है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी प्रशासनिक महामंत्री ओंकार ठाकुर, मैनपुर प्रभारी जितेन्द्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, पूर्व सरपंच बलदेव राज ठाकुर, रोशन राठौर, हरिश्वर पटेल, गुंजेश कपिल, तनवीर राजपूत, गज्जु नेगी, राकेश ठाकुर, डोमार साहू, तीव सोनी, शाहिद मेमन, विरेन्द्र राजपूत, रामभरोसा, सामंत शर्मा, पवन जगत, रोहन मरकाम, पारेश्वर नेगी, गोरेलाल नागेश, मनुराम महकुश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शालेय शिक्षक संघ ने की सुबह के समय स्कूल संचालन की मांग

# स्कूलों में शनिवार को पूरे दिन कक्षाएं लगाने का हो रहा विरोध

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा**

शनिवार को 10 से 4 बजे स्कुल लगना वर्षो पूर्व परम्परा को तोड़ना है। शालेय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं ट्रावल एजुकेशन शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा है कि शनिवार को सुबह स्कूल बहुत सोच समझकर लगाया जा रहा था, जिसमें परिवर्तन कर दस बजे से चार बजे तक स्कूल संचालन के लिए कहा गया है। सुबह के स्कूल में योगा, व्यायाम, खेल सहित अन्य गतिविधियां स्वास्थ्य के अनुकूल था।

- शिक्षकों ने गिनाईं दिक्कतें, बच्चों को भी कम मिलेगा पारिवारिक व सामाजिक समय

सप्ताह में एक दिन आधे दिन के स्कूल होने से बच्चों को गणवेश धोने, गृहकार्य करने और आधे दिन घर, परिवार व समाज को समय देते बनता था। कई बच्चे जो अपने घर से दूर पढ़ाई करते हैं, वे शनिवार को अपने माता-पिता के पास घर आ जाते थे, फिर सोमवार से पूरी ऊर्जा के साथ विघालय जाते थे। बच्चों को आधे दिन के स्कूल से भी एक अलग उत्साह रहता था।शिक्षक भी सामाजिक प्राणी हैं, वे भी शनिवार को आधे दिन स्कूल में रहने के बाद घर की आवश्यक वस्तु बाजार से लाते थे। अब रविवार को बाजार बंद रहेगा, फिर घर के लिए सामान भी नहीं ले पाएंगे।



**महिला शिक्षकों की बढ़ी परेशानी:** अब समाज व परिवार के लिए समय नहीं मिल पाएगा। दूरस्थ नौकरी करने वाले शिक्षक अपने घर नहीं जा पाएंगे, इसलिए वे मानसिक रूप से तनाव में रहेंगे जिसका प्रभाव उनके अध्यापन पर भी पड़ सकता है। शिक्षक केवल शिक्षक नहीं होते, वे भी किसी के पिता, पति, भाई, मामा, चाचा व दादाजी होते हैं। उन्हें भी इन जिम्मेंदारियों को निभाने के लिए समय मिलना चाहिए। स्कूलों में अधिकतर महिला शिक्षक है, जिनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां भी अधिक है। बच्चों की देखभाल, घर की व्यवस्था, नाते रिश्तेदारी आदि। वहीं घर से दूर सेवा कर रही शिक्षिकाओं को अब शनिवार को घर वापस आते नहीं बनेगा। ऐसे कई समस्याएं हैं जो शनिवार को पूरा दिन स्कूल लगाने पर आने वाला है। शासन से अनुरोध है कि पहले की तरह शनिवार को सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक स्कूल संचालन कराएं। आप निवेदन स्वीकार करेंगे तो सभी शिक्षक समुदाय आपके प्रति कृतज्ञ होंगे। निवेदन स्वीकार नहीं करेंगे तो भी हमें तो सेवा कार्य करना ही है, आखिर विद्यार्थी हमारे ईश्वर हैं।

## खबर संक्षेप



### सशिमं में मनाया गया नाग पंचमी का पर्व

**महासमुंद।** भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नाग देवता की पूजा की गई। साथ ही पार्थिव शिवलिंग बनाकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि नाग पंचमी में नाग की पूजा क्यों की जाती है। वैसे तो नाग विषधर होते हैं, किसी को काट ले तो उसका प्राणांत सुनिश्चित है, फिर भी हम पूजा करते हैं। इसके पीछे हमारी उदान्त भावना वसुधैव कुटुंबकम है। भगवान विष्णु क्षीर सागर में शेषनाग की शैय्या पर ही विश्राम करते हैं और त्रेता युग में वही विष्णु श्रीराम के रूप में और शेषनाग लक्ष्मण के रूप में अवतरित होकर रावण की अत्याचार से धरती माता को मुक्त किए थे। समुद्र मंथन में वासुकि नाग को रस्सी बनाकर देवता और दानव समुद्र मंथन किए थे, जिससे 14 रत्न प्राप्त हुए थे। अंत में विष भी निकला जिसे भगवान शिव ने पीकर नीलकंठ महादेव कहलाए। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, वरिष्ठ आचार्य शिवकुमार कन्नौजे, वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, मल्लिका आदि मौजूद रहे।

**श्रद्धा-भक्ति : अंसुला पहुंचे प्रभारी मंत्री दयालदास और विधायक अग्रवाल**

# जोंक नदी के तट पर शिव मंदिर में हुआ महायज्ञ, पहुंचे प्रभारी मंत्री विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

ग्राम अंसुला में आयोजित महायज्ञ में

- मंत्री दयालदास बघेल और विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने लिया आशीर्वाद





छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल तथा बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री एवं विधायक ने जोंक नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं तत्पश्चात सद्गुरु सियाराम दास से आशीर्वाद किया।

पूजन पश्चात आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने मंत्री बघेल के समक्ष स्थानीय समस्याओं को रखा तथा सामुदायिक भवन की आवश्यकता जताई। मंत्री दयालदास बघेल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कलेक्टर और अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि बसना विधानसभा उनका अपना परिवार है, और सद्गुरु सियाराम दास का अंसुला ग्राम में आगमन पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य का प्रतीक है। आकस्मिक प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल और क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने ग्रीन पंचायत सपोस निवासी पिथौरा के जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे के निवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस अवसर पर रमेश अग्रवाल, ब्रह्मानंद पटेल, मोहित पटेल, पुरुषोत्तम धृतलहरे, किशोर बघेल, निरंजन यादव, प्रहलाद पटेल, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, त्रिलोचन भोई सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




### खरोरा में महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक खरोरा में महिलाओं ने तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया सोमवार को मनाया गया। पूजा चंद्राकर ने बताया कि यह उत्सव महिलाओं का उत्सव है। सावन में जब संपूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है, उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। हरियाली तीज के रूप में मनाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनंद मनाती है।

# पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रथम बैठक बुधवार 06 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य पालकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, दैनिक गतिविधियों एवं समस्याओं से अवगत कराना। बच्चों को पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना। ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए पालकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना। बच्चों को परीक्षा तनाव से मुक्त करने के लिए काउंसलिंग किया जाना है। विद्यालय स्तर पर द्वितीय बैठक तिमाही परीक्षा पश्चात 10 दिवस के भीतर एवं तृतीय बैठक छिमाही परीक्षा पश्चात 10 दिवस के भीतर आयोजित की जाएगी।

बैठक में शिक्षकों द्वारा पालकों को शासन द्वारा संचालित विद्यार्थी हितग्राही योजनाओं, शैक्षणिक कार्यक्रमों, और शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी, ताकि पालक एवं विद्यार्थी इन योजनाओं का अधिकतम लाभ ले सकें। साथ ही प्रमुख विषयों जैसे घर का वातावरण व छात्र की दिनचर्या, बच्चों की नैतिक सीख एवं निष्कर्ष, बच्चा बोलेगा बेझिझक - संवाद पर बल, अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा प्रदर्शन, बस्ता रहित शनिवार की गतिविधियां, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण संबंधी जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र की स्थिति, न्योता भोज कार्यक्रम, छात्रवृत्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, पॉक्सो एक्ट 2012 का प्रचार-प्रसार एवं डिजिटल शिक्षण प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा एप, ई-जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग पर चर्चा की जाएगी। पीटीएम के लिए जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय अधिकारी की ड्यूटी प्रत्येक संकुलवार लगाई गई है। सभी अधिकारी आबंटित पीटीएम बैठक में शामिल होंगे तथा मॉनिटरिंग करेंगे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा टीम द्वारा भी मॉनिटरिंग की जाएगी।

### सिरपुर में सहत्र जलधारा अभिषेक कल

**महासमुंद।** बोलबम सेवा समिति द्वारा सिरपुर के गंधेश्वरनाथ महादेव का सहत्र जलधारा अभिषेक शक्रुवार 1 अगस्त को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। मुख्य जजमान जिपं के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर परिवार होंगे। महानदी के तट से गंधेश्वरनाथ मंदिर परिसर तक मानव श्रृंखला बनाकर अभिषेक के लिए जल लाया जाएगा। जानकारी देते हुए अध्यक्ष थनवार यादव, उपाध्यक्ष सुंदर साहू ने समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।



### यादव समाज ने बोलबम कांवरियों को बांटे फल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने जिले के सिरपुर राधा कृष्ण मंदिर में प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज के नेतृत्व में बोलबम कांवरियों को प्रसाद वितरण किया गया। कांवरियों को केला, सेब, बिस्कुट अन्य फलाहारी का बांटा गया। इस दौरान प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष, राजू यादव राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, नंदलाल यादव( जिला सरक्षक व पूर्व सैनिक) , पतित यादव (जिला मीडिया प्रभारी), लीलाधर यादव (सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष), दिलीप यादव (जिला महामंत्री), पुष्कर यादव, नरसिंग यादव, सहस यादव (मंदिर समिति अध्यक्ष), पंचराम यादव (सिरपुर), पंचराम (भोरिंग), दिलहर यादव, कमल यादव, मुन्ना यादव, ईश्वर यादव (कुरूद अमसेना अध्यक्ष) , पतिराम यादव, पुरानी यादव, मनीराम यादव, ठाकुर यादव, बेदराम यादव, तुकेश्वर यादव, थनवार यादव (सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुआ। इस बैठक में बाल श्रम (निषेध और नियमन) के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली गई।

कलेक्टर लंगेह ने सभी सदस्यों और स्वयंसेवी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे समन्वय स्थापित कर प्रतिमाह बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियम 2017 की धारा 2 बी (2) के तहत संयुक्त निरीक्षण की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने ऐसे बच्चों की जानकारी, जो एक माह से विद्यालय में अनुपस्थित हैं, श्रम विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिसमें एक माह में शाला से अनुपस्थित बाल एवं किशोर की संख्या निरंक है। कलेक्टर ने कहा कि चिन्हांकित बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत औपचारिक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 4 के तहत उचित आयु वर्ग की औपचारिक शालाओं में प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर ने संयुक्त टीम को बाल श्रम के संबंध में होटल, ढाबों और औद्योगिक संस्थानों में सतत निरीक्षण करने तथा कमी पाए जाने पर संस्थानों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधान अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।



जिला स्तरीय टास्क फोर्स के नोडल अधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि समिति के माध्यम से संयुक्त टीम द्वारा 12 जून से 30 जून तक बाल श्रमिक/अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू/पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा 6 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार 02 जून से 10 जून तक एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर संयुक्त टीम द्वारा 12 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 03 संस्थानों को बाल श्रम निषेध सूचना पटल प्रदर्शित नहीं किए जाने पर नोटिस जारी किया गया। बैठक में टास्क फोर्स के सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जटवार, श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### सावन में रामायण पाठ एवं भोलेबाबा का गुणगान

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में सावन माह के प्रत्येक दिन रामायण पाठ एवं भोले बाबा का गुणगान किया जा रहा है। भाठापारा में मानस गान का आनन्द उठाने के लिए मोहल्लेवासी एकत्रित हो रहे है। बाजार चौक में मानस मंडलियों द्वारा शाम सात से नौ बजे तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हॉस्पिटल स्थित शिवलिंग, राम मंदिर, भाठापारा वार्ड, भूतेश्वर महादेव मंदिर व शिव मंदिर में भी अनेक आयोजन हो रहे हैं।

# मंडल और सेक्टर पुनर्गठन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा मंडल तथा सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन के निर्देश पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर द्वारा आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडल तथा सेक्टर कमेटी के पुनर्गठन के लिए नियुक्त महासमुंद जिला प्रभारी पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने पुनर्गठन को लेकर ब्लॉक प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष को पीसीसी गाइडलाइन तथा उदयपुर नव-संकल्प शिविर में पारित प्रस्तावों को ध्यान में रखकर मंडल तथा सेक्टर कमेटी की गठन करने को कहा। साथ ही एक बात पर विशेष ध्यान देने को कहा कि मंडल तथा सेक्टर कमेटी में उन्हीं लोगों को शामिल करें जो लोग कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित है एवं सक्रिय हैं, ऐसे लोग जो चुनाव के दौरान पार्टी अधिकृत प्रत्याशी का काम नहीं करते या पार्टी विरोध में काम करते हैं, ऐसे लोगों को बिल्कुल भी स्थान नहीं दिए जाने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तय समय के अंदर सभी ब्लॉक प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्षों को मंडल एवं सेक्टर कमेटी पुनर्गठन का कार्य पूर्ण करने को कहा है, जिस भी ब्लॉक में अभी तक बैठक नहीं हुई है। आगामी दो दिवस के भीतर वहां बैठक कर कार्य संपन्न करने को कहा है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला, विधायक पदमा मनहर, अरुण मालाकार, अनंत वर्मा, अरविंदर सिंह छाबड़ा, गुरमीत चावला, गणेश शर्मा, इस्तियाक खैरानी, सुरेंद्र वैष्णव, भूपेंद्र ठाकुर, विजय साहू, खिलावन साहू, पुष्पेंद्र पटेल, नितेंद्र बनर्जी, निर्मल जैन शामिल रहे।

### मेघ बसंत कॉलोनी में रामायण का आयोजन



**महासमुंद।** मेघ बसंत कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में अशोक सुंदरी रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम भगवान राम की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सावन की पवित्र मास में बारिश की फुहार में शिव की शादी की कथा और भजन ने सभी श्रोतागण को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में सती साहू, शशि थवाईत, मधुलता शर्मा, वंदना अग्रवाल, वीणा प्रधान, किरण साहू, सरोज श्रीवास्तव, रानी सेनी, सविता महंती, एकता खनूजा, नीतू जैन, दीप्ति थवाईत, रेखा कृष्णानी, सिंपल गुप्ता, ममता रूपरेला, वसुंधरा पोपट, अजय थवाईत, रवि जैन का विशेष योगदान रहा।

# सिंघनपुर पंचायत को पानी टैंकर प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




ग्राम पंचायत सिंघनपुर में महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा ने सरपंच झाल बाई राय की विशेष मांग को पूरा करते हुए पानी टैंकर प्रदाय किया। पानी टैंकर की पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़ा गया और पंचायत को सौंपा। प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सराईपाली अध्यक्ष व सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राय ने बताया कि पंचायत में पानी टैंकर की बहुत ही आवश्यकता थी। जब जब छोटे-बड़े कार्यक्रमों में पानी की समस्या होती, तब लोगों से एक ही बात सुनने को मिलता था कि पानी टैंकर होता तो पानी की समस्या नहीं होती। खासकर गर्मी के दिनों में बिजली ट्रांसफार्मर (लाईन ) फाल्ट होने पर अपने निजी ट्रैक्टर के माध्यम से पास के गांव पचरी व पत्थरीं से गांव के लोगों के लिए बगैर किराया लिए सेवा भाव से पानी की व्यवस्था किया करते थे। अब पानी टैंकर होने से दर दर भटकना नही पड़ेगा। निजी एवं सार्वजनिक कार्य करने में सहुलियत मिलेगी। ग्राम पंचायत सरपंच व पंचायत जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर सिन्हा का आभार जताया है। इस अवसर पर झालबाई राय, सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राय, पंचगण व ग्रामवासी भारत टंडन, सुंदर कुर्रे, चैतराम यादव, रूपसिंग निषाद, लखन ध्रुव,आनंद मन्नाडे, नंदू टंडन, संत टेकराम भारती, डेविड कुर्रे, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे, सुखी लहरे, जया आवड़े (एफएलसीआरपी), रेवती कुर्रे, महेश्वरी, राखी कोसरिया आदि मौजूद रहे।

**आदिवासी अधिकारों और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल**

# विश्व आदिवासी दिवस पर युवाओं की भागीदारी से होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शंकराचार्य भवन महासमुंद में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाने के लिए आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का शुभारंभ प्रकृति शक्ति के जयघोष से संचालक रोहित ध्रुव द्वारा किया गया। उन्होंने आदिवासी समुदाय के युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

संरक्षक पंकज सोरी ने आदिवासी दिवस का महत्व बताया और कहा कि यह दिन आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनकी संस्कृति को पहचानने और सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिलाध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव ने युवाओं को जागरूक और एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय के युवाओं की भागीदारी इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। आदिवासी युवा अपनी ऊर्जा और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं और अपने समुदाय के लिए सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यह उनके भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समुदाय के युवाओं को अपनी संस्कृति और विरासत के बारे में जानने और उन्हें संरक्षित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही वे अपने अधिकारों की रक्षा करने और अपने समुदाय के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी प्रेरित होंगे। आदिवासी दिवस का महत्व आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनकी संस्कृति को पहचानने और सम्मानित करने में है। यह दिन आदिवासी समुदायों के योगदान और उनकी विरासत को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।



### बैठक में जुटे युवा प्रभाग

बैठक में संरक्षक पंकज सोरी, जिला अध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव, उपाध्यक्ष सावित्री नेताम, संचालक रोहित ध्रुव, मीडिया प्रभारी शशिकांत ध्रुव, वतन सिंह ठाकुर, संदीप मंडावी, लच्छू मरई, हर्षिता छैदेहा, लक्ष्मी मरकाम, दुर्गा ठाकुर, खुशी ध्रुव, तनु नेताम, ईशु दीवान, मोनू, शेखर, छोटू नेताम, निक्की ध्रुव, तरूण नेताम, कुसुम नेताम, श्वेता नेताम, सरिता नेताम, दिशा नेताम, वैशाली ध्रुव, कामिनी नेताम, सोनिया नेताम, सीमा मरई, वसुंधरा नेताम, आरती पोडेटी, मुकुंद नेताम, आशीष, जय नेताम, रूपेश, कौशल, दुर्गेश, राजप्रताप एवं आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

# गांजा परिवहन के मामले में 12 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मादक पदार्थ गांजा परिवहन के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने मप्र के सिहोर के वार्ड नंबर 8 निवासी मुकेश बंजारा पिता उमराव बंजारा 39 साल को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (।।) (सी) के तहत 12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 12 जुलाई 24 को कोमाखान थाना क्षेत्र के पुलिस पार्टी रात्रि पेट्रोलिंग एवं जुर्म पतासाजी के लिए घोयनाबाहरा, सुअरमाल, चंदरपुर की ओर रवाना हुए थे। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के एसपी साइन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 41 जेड ई 8624 में ओडिशा की ओर से अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए आ रहा है। सूचना पर टेमरी नाका पहुंचकर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए मोटरसाइकिल पहुंचा। जिसमें एक व्यक्ति बैठा हुआ था और अपने साथ दो नग प्लास्टिक नीले रंग के बड़े ड्रंम को मोटरसाइकिल में बांधा हुआ था। उसे रोका गया तो उक्त व्यक्ति घबरा गया और अपना नाम मुकेश बंजारा बताया। पूछताछ करने पर बालूगुड़ा ओडिशा से मादक पदार्थ गांजा खरीदकर मप्र में बिक्री के लिए ले जाना बताया।

## खबर संक्षेप

### लघु वनोपज समिति पोंड ने 2200 महिला संग्राहकों को बांटी चरण पादुका



**पाण्डुका।** अंचल के ग्राम तौरेंगा मे सरकार की महती योजना अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज समिति पोंड से महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरण किया गया उक्त सम्बन्ध मे समिति प्रबंधक लीलाधर दाऊ ने बताया की प्राथमिक लघु वनोपज समिति पोंड अंतर्गत 10 फड़ो मे तेन्दु पत्ता का संग्रहण किया जाता है जिसमे लगभग 2200 महिला संग्राहकों को इस वर्ष चरण पादुका का वितरण किया गया। उसी क्रम मे ग्राम पंचायत तौरेंगा के उपसरपंच श्री नागेश तिवारी के हाथो ग्राम तौरेंगा के 117 महिला संग्रहको को चरण पादुका वितरण किया गया यह बताना लाजिमी होगा की पूर्व सरकार मे बंद थी जिसे राज्य मे बीजेपी की विष्णुदेव सरकार द्वारा पुनः वन मे निवास करने वाले लाखो संग्रहक महिलाओ को इसका लाभ मिल रहा है चरण पादुका पाकर लोगो के चेहरा खिले, कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ग्राम पंचायत तौरेंगा के उप सरपंच नागेश तिवारी, पंच नारद राम ध्रुव, खेमू राम साहू, पोंड समिति के प्रबंधक लीलाधर दाउ, बीट गार्ड लोकेश श्रीवास, फड़ मुंशी फागु राम ध्रुव, कन्हैया राम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नूनपानी में 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम नूनपानी के गंधरेलडिपा तिराहा के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 हजार रुपए का 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।
पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंधरेलडिपा तिराहा के पास ग्राम नूनपानी में एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचे पर एक व्यक्ति अपने पास एक 70 लीटर क्षमता वाली नीले रंग प्लास्टिक डिब्बा रखा हुआ मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम हिमालय भारती पिता जीवनलाल भारती (30 साल) नूनपानी थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। जब प्लास्टिक डिब्बे की तलाशी ली गई उसके अंदर करीबन 50 लीटर देशी हाथ भट्ठी शराब कीमत 10000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### जिले में अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 728.3 मिलीमीटर, सरायपाली में 547.3 , बसना में 532.2 , बागबाहरा में 475.9, महासमुंद में 468.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 423.3 मिमी कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 30 जुलाई को 9.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

# शिवालयों में किया गया जलाभिषेक





**छुरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद एवं नगर के युवा, महिला मंडल के सदस्य एवं सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दीदी बच्चों के द्वारा आज सावन सोमवार के तीसरे सोमवार को जल अभिषेक कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की, उसके पश्चात थाना के थानेश्वर महादेव एवं शिव चौक के शिव मंदिर एवं मानस मंदिर के महादेव में सभी की उपस्थिति में किया गया एवं महाआरती कार्यक्रम किया गया, इसमें पूरा नगर शिवमय हो गया, सुबह से कांवरिया द्वारा आसपास के शिवालय मे अभिषेक के लिए गाड़ियों में बाजे गाजे के साथ निकले जिससे नगर का माहौल पूरा शिव मय गया कांवड़ यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# आधुनिक तकनीक से सब्जियों की खेती बालमुकुंद को सालाना 8 लाख की आय



**अभनपुर।** पारंपरिक खेती से हटकर नई तकनीक से सब्जी का फसल लेकर रवेली गांव के प्रगतिशील किसान बालमुकुंद सोनकर ने एक अलग पहचान बनाई है. बालमुकुंद अभी 6 एकड़ में सब्जी कुंदरू और डोडक्रा के फसल ले रहे हैं. साथ ही 12 से 15 लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं. इन फसलों से किसान बालमुकुंद को सालाना 8 लाख की आय होती है। सफल किसान बनने का सफर बालमुकुंद के लिए आसान नहीं था. बीकॉम की पढाई के बाद उन्होंने 2 साल पीएससी की तैयारी की। पुलिस में चयन भी हुआ. लेकिन कृषि में लगाव के कारण बालमुकुंद ने जॉब नहीं किया. और खेती में अपना भविष्य तलाश किया. बालमुकुंद आज कई किसानों को सब्जी की खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं.

**डोड़का के साथ मिश्रित खेती-** किसान बालमुकुंद सोनकर ने 2 एकड़ खेत में डोडक्रा लगाया है. इसी के साथ मिर्च और आम का पौधा भी लगाया है. डोडक्रा की तोड़ाई पूरी होने के बाद मिर्च का फसल भी तैयार हो जाता है. इससे अच्छा आय होता है.

### 4 एकड़ में कुंदरू की खेती

कुंदरू के फसल की अवधि 4 साल की होती है. इसमें ज्यादा दवाई या खाद नहीं डालना पड़ता है. फसल तैयार होने के बाद साल में 9 महीने फल लगता है. जिससे 8 लाख तक की आय होती है. मजदूरी खर्च काटने के बाद करीब 5 लाख शुद्ध आय होती है. हालांकि एक बार कुंदरू मंडप बनाना होता है. जिसकी अवधि 25 साल की होती है.

## मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर हुई नियुक्ति, 'घर के भेदी' से हारने की बात कही

# छुरा कांग्रेस में युवाओं को मिली नई जिम्मेदारी, जोन का हुआ पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के पुरे देश में एक निर्देश जारी किया कि सभी ब्लाकों में जोन को मंडल, व मंडल के अन्तर्गत आने वाले सभी सेक्टरो का पुर्नगठन कर नये यूवाओ को प्रतिनिधित्व देकर प्राण फूकना है। इसी तारतम्य में छुरा विकास खंड में सभी छ; जोन को मंडल बना कर निर्विवाद रुप से नियुक्ति की गयी।

- कांग्रेस नेताओं ने भरा दम, कहा - झूठ और जुमलों से जनता तंग, आने वाले चुनाव में कांग्रेस की जीत तय

इस दौरान आदिवासी कांग्रेसी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का अर्थ भारी झूठ बोलने वाली पार्टी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के कुशासन से सुशासन की ओर ले जायेगी। भाजपा ने नोटबंदी करायी क्या फायदा मिला नही न। वही करोना की वेक्सीन परेशानी, किसानो की आय दुगुनी करने बात , प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओ को नौकरी देने ,सभी महिलाओं को मातृ वंदना, बेरोजगारो को भत्ता,किसानों को खाद, बीज, ऋण की असूविधा, बिजली बील,अघोषित विद्धुत कटौती, 15 लाख सभी खाते वालों धारी को मिलना, प्रत्येक किसानों को गाय बैल देने, जैसे अनेको समस्याओं से अवगत कराया। झूठे भाजपा सरकार की सभी बातों को कार्यकर्ताओं में प्राण फूके।वही सभी को एहसास कराये और कहा कि आने वाले विधान सभा और लोक सभा चुनाव सहित सभी त्रीस्तरीय चुनाओ में कांग्रेस की सरकार बनना तय है।



भीम आर्मी के छुरा ब्लांक के अध्यक्ष जीवन लाल जांगड़े खट्टी ने कांग्रेस पार्टी के सुशासन के लक्ष्य और रीति नीति सहित अनेक बातो से प्रभावित होकर प्रभारी खुखचंद बेसरा के सम्मुख कांग्रेस पार्टी प्रवेश किया। बेसरा ने पार्टी के गमछा पहना कर प्रवेश दिलाया। नव प्रवेशी भीम आर्मी के अध्यक्ष जीवन भाई ने अपने सैकड़ों युवा साथियों को कांग्रेस के वासुदेव कुटुम्बकम भावना व नीतियों से अवगत करा कर सब को प्रवेश कराने की बात कही।

### टेंगनाबासा सेक्टर का भी हुआ गठन

अध्यक्ष नेहरु साहू रावणाभाठा, उपाध्यक्ष द्वय बोधन राम निषाद तिलाईदादर, दौलत राम ठाकुर विजयपुर, धनेश्वरी साहू रावणाभाठा, कोषाध्यक्ष थानू राम सोनवानी खरखरा, सचिव द्वय ओमसिंग विजयपुर, टंकेश्वर साहू खरखरा, व भानू राम निषाद तिलाईदादर, सह सचिव द्वय छोटन कमार धरमपुर, पुनीत राम ठाकुर गोनबोरा, टेकेश्वर रानू सिंहा टेंगनाबासा, सोसलमिडिया प्रभारी नीलकंठ सिंह ठाकुर, कार्यकारिणी द्वय हरि सिंहा टेंगनाबासा,चमन साहू रावणाभाठा, गंगा राम ध्रुठव, बुढ़ान सिंह ध्रुव टेंगनाबासा, ठाकुर राम साहू व लखन राम साहू रावणाभाठा, भरत राम साहू खरखरा, शैलकुमार निषाद तिलाईदादर, डागेश्वर साहू रावणाभाठा को सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया।

# गोबरा नवापारा में टीआई की सख्त कार्रवाई, 20 दिन में 66 आरोपी गिरफ्तार

**नवापारा-राजिम।** पुलिस थाना गोबरा नवापारा में नए टीआई दीपेश जायसवाल के पद ग्रहण करने के बाद अंचल में अवैधानिक कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। नवपदस्त टीआई दीपेश जायसवाल ने एक मुलाकात में बताया कि 7 जुलाई को पद ग्रहण करने के बाद लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर जहां-जहां से शिकायत मिल रही है वहां छा पा मा र कार्यवाही कर अ वै धा नि क कार्य में लिफ्ट लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत की गई है।

- अवैधानिक कार्य में संलिप्त व गुंडा बदमाशों को बक्सा नहीं जाएगा : टीआई

जिसमें धारा 34(1) के तहत 6 कार्रवाई 6आरोपी,धारा 34 (2) के 3 कार्रवाई 4 व्यक्तियों, सट्टा में 3 कार्रवाई 5 व्यक्तियों, एनडीपीएस के 2 कार्रवाई 2 आरोपी, 36 (सी)के 7 कार्रवाई 7 व्यक्तियों के अलावा प्रतिबंधात्मक धारा 110 के 10 प्रकरण,धारा151 के 8 एवं 107- 16 के 24 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इस प्रकार पदभार ग्रहण के 20 दिनों में 66 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त धारा 185 एमवी एक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तीन लोगों के उपर कार्रवाई की गई। जिसमें प्रत्येक वाहन चालक को 10 हजार की चलानी कार्रवाई करते हुए शुल्क की वसूली की गई,इस प्रकार तीन लोगों से 30 हजार की वसूली कार्रवाई की गई। कहा कि आगे दिनों में भी अवैधानिक कार्य में संलिफ्ट लोगों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सख्त रूप से कहा कि चाकू बाजो,गुंडा-निगरानी बदमाशों के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराधिक शिकायत आई तो बक्सा नहीं जाएगा।



# चरोदा से जोगीडीपा मार्ग की मरम्मत हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक तीन अंतर्गत आने वाले ग्राम चरोदा से जोगीडीपा मुख्य मार्ग में राहगीरों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था आय दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे थे स्कूली बच्चे भी काफी समस्या से झूझ कर अपने स्कूल के लिए रवाना होते थे इस दौरान बच्चों के कपड़ों में गंदी छींटे पढ़ने से कपड़े गंदे हो जाते थे और स्कूल जाने में काफी विलंब हो जाता था वही ग्रामीणों का भी हाल कुछ इसी प्रकार था, इसके बाद क्षेत्र के युवा होनहार मिलनसार जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक को ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई।

- खराब सड़क से परेशान थे ग्रामीण और स्कूली बच्चे, अब मिली राहत

जिस पर इंद्रजीत महाडिक ने जिला पंचायत के बैठक में इस मुदे को प्रमुखता से उठाया था जहां क्षेत्र के कई गांवो की सड़कों को दुरुस्त करने की बातें कही गई थी जिस पर चरोदा और जोगीडीपा मार्ग भी शामिल था अब लोक निर्माण विभाग राजिम द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कर दी है बजरी गिट्टी डालने का कार्य चल रहा है, बारिश के समय में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जो अब कुछ हद तक राहत की सांस मिलेगी ग्रामीणों ने इंद्रजीत का आभार व्यक्त किया।





### विकास की ओर रहेगा हर कदम : इंद्रजीत

इंद्रजीत महाडिक ने कहा क्षेत्र की विकास करना मेरा प्रथम कर्तव्य लोगो ने मुझे चुनकर भेजा हैं और मेरा हर कदम विकास की ओर रहेगा. आगे कहा की ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर मुझे अवगत कराया था जिसके बाद मै मौक़े में पहुंचकर देखा जिसके बाद जिला पंचायत सभा कक्ष में समस्या को रखा था अब उस मार्ग में मरम्मत कार्य शुरू हो चुका है लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा और स्कूली बच्चों को भी सुविधा जनक स्कूल जाने में अब देरी नहीं होगी मैं विभाग पुरे क्षेत्र की ओर से आभार व्यक्त करता हूं. इसी प्रकार क्षेत्र के और कई सडके जर्जर है जिसपर जल्द से जल्द कार्य शुरू करें ताकि रहागिरो को सफर करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े और किसी घटना घटने की आशंका ना बना रहे।

# गरियाबंद भाजपा की नई टीम घोषित, प्रीतम, गुरुनारायण आशीष, अजय, सुरेंद्र, राधेश्याम, चंद्रशेखर को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद









भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद जिला संगठन ने हाल ही में नई कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा को जन्म दिया है। इस बार संगठन ने अनुभव, युवा ऊर्जा और सा मा जि क जुड़ाव को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, जिन्होंने हर परिस्थिति में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाया है। जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं प्रीतम सिन्हा गुरुनारायण तिवारी आशीष शर्मा अजय रोहरा सुरेंद्र सोनटेके राधेश्याम सोनवानी चंद्रशेखर साहू को टीम जगह दी है। जिले की टीम में पहली मर्तबा जिला मुख्यालय के कार्यकर्ताओं को अवसर प्रदान किया गया है।

- जिलाध्यक्ष ने घोषित की नई कार्यकारिणी

पार्टी के भीतर यह निर्णय संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक सार्थक कदम माना जा रहा है। नए पदाधिकारियों में वे साथी शामिल किए गए हैं जो वर्षों से गाँव-गाँव, शहर-शहर सक्रिय रहकर संगठन की जड़ों को मज़बूती दे रहे हैं। इनके सामाजिक सरोकार और मेहनत ने इन्हें आम जनता से सीधे जोड़ रखा है, जिसका असर भविष्य में संगठन को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा।

नई टीम में वरिष्ठता और नव ऊर्जा का तालमेल साफ झलकता है। इससे कार्यकर्ताओं में नई स्फूर्ति देखने को मिल रही है। पार्टी की मंशा स्पष्ट है कि सिर्फ चेहरों को बदलना नहीं बल्कि संगठन को नई दिशा देना और हर वर्ग तक अपनी पहुँच को और मज़बूत करना ही प्राथमिकता है।

स्थानीय कार्यकर्ताओं का मानना है कि ऐसी कार्यकारिणी से न केवल संगठन के ढाँचे को बल मिलेगा, बल्कि आने वाले चुनावी मैदान में भी पार्टी पहले से अधिक संगठित होकर उतर सकेगी। नई जिम्मेदारियों को संभाल रहे कार्यकर्ताओं ने भी संकल्प जताया है कि वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ हर दायित्व को निभाएँगे।

### सामूहिक नेतृत्व की भावना को और सशक्त करेगी

संगठन के वरिष्ठ नेताओं का भी यही विश्वास है कि यह नई टीम सामूहिक नेतृत्व की भावना को और सशक्त करेगी। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को गाँव-गाँव, गली-गली पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्र में चर्चा है कि इस नई नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक ऊर्जा, सक्रियता और विश्वास मिलेगा। पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को नई बुलंदियों तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## बदलती जीवनशैली बन रही हाई बीपी और शुगर की बड़ी वज़ह

# युवाओं में बढ़ रहा ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का खतरा

**रसेला।** क्षेत्र में एक समय था जब ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसे शब्द सुनते ही मन में बुजुर्गों की छवि उभरती थी। पर अब तस्वीर बदल गई है। बीमारियों का यह चेहरा न केवल उम्रदराज लोगों में बल्कि युवाओं में भी तेजी से फैलता जा रहा है। 20 से 35 वर्ष के युवा, जो देश का भविष्य माने जाते हैं, अब इस भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इसका कारण कोई वायरस या बाहरी हमला नहीं, बल्कि खुद उनकी जीवनशैली है।

- 20-35 साल के युवा हो रहे शिकार, समाज और परिवार को जागरूक होने की जरूरत

क्षेत्र के आज युवा वर्ग लगातार वर्क प्रेशर, सोशल मीडिया प्रेशर, कैरियर प्रेशर, और सक्सेस प्रेशर से जूझ रहा है।इन सबके बीच न व्यायाम के लिए समय है, न पर्याप्त नींद के लिए, जक फूड, कोल्ड ड्रिंक्स, शराब, धूम्रपान और मोबाइल की लत ने उन्हें बीमारियों की ओर ढकेल दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डा राहुल नेताम ने बताया कि अंचलों में शुगर के मरीज सामने आते हैं। इनमें से करीब 20 से 35 उम्र के बीच है। 20 साल पहले गांवों में शुगर और बीपी जैसी बीमारियों को शहरी जीवन का नतीजा माना जाता था, लेकिन अब गांवों में भी मोटापा, तनाव और खान-पान में बदलाव के चलते यह स्थिति तेजी से बदल रहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा अब बीपी शुगर की नियमित दवाइयां लेने को मजबूर हो रहे हैं।



### अनियमित दिनचर्या शरीर को कर रही खोखला: डॉक्टर

डॉ राहुल नेताम ने कहा कि युवाओं में शुगर और बीपी की समस्या पहले बहुत कम देखने को मिलती थी, लेकिन अब ये बेहद चिंता की बात है। उनका कहना है कि अनियमित दिनचर्या, तनाव और पर्याप्त नींद की कमी इन बीमारियों की सबसे बड़ी वजह है। आज के युवा रातभर मोबाइल चलाते हैं, दिन में लेट उठते हैं और नाश्ता छोड़कर सीधे दोपहर का फास्ट फूड खाते हैं। यह आदतें धीरे धीरे शरीर को खोखला कर रही है। यहां केवल व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव से ही यह लडाई नहीं जीती जा सकती।

इसके लिए समाज और परिवार को भी जागरूक होने की जरूरत है। इसी कड़ी में ग्रामीण सहायता चिकित्सा डा प्रज्ञेश देवांगन ने कहा बढ़ती बीपी शुगर की समस्या एक खामोश खतरा बनकर युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रही है। यह न सिर्फ स्वास्थ्य का सवाल है, बल्कि आने वाले समय में समाज की उत्पादकता और आर्थिक ढांचे को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में अब समय आ गया है कि युवा खुद जागरूक बने और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, क्योंकि स्वस्थ युवा ही अपने माता-पिता, परिवार, समाज के साथ साथ देश का सशक्त भविष्य है।

## पेज 11 के शेष

### खुटेरी सड़क पर ट्रक ...

पर नई बनेगी। इसके सुधार के लिए विधायक से आग्रह किया गया था।

**दोपहर बाद लगा जाम**

खुटेरी रोड पर गढ्डों के कारण आवागमन दुश्वार है। बुधवार को गढ्डे में ट्रक फंसने से दोपहर बाद से सड़क पर जाम लगा रहा और वाहन सवार परेशान रहे। खुटेरी नजदीक पुलिया के दोनों ओर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढों में ट्रक फंस जाते हैं। कई बार छोटे बड़े भारी वाहनों के टायर फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। बुधवार को धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा से धान लोड आए ट्रक पिछले पहिए गड्ढे में फंस गया। दोनों तरफ 3-3 किलोमीटर वाहन की कतार लग गई।

जिसमें स्कूल वाहन भी थे जिसमें स्कूली छात्र इस जाम में फस गये। खुटेरी सरपंच बेनी शंकर साहू जेसीबी की मदत से निकालवाने प्रयास लेकिन उससे भी नहीं निकले। जाम से राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। स्थानीय दुकानदार सरपंच खुटेरी बेनी शंकर साहू,रोशन साहू,रेखु साहू, गजेन्द्र निषाद आदि ने बताया कि लगभग दो साल से सड़क अत्यंत खराब है। मरम्मत के लिए विभागीय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अफसर फंड का अभाव बताकर अनदेखी कर रहे हैं। आए दिन भारी वाहन फंसने से सड़क पर जाम से लोगों को जूझना पड़ता है। क्षेत्र वासियों ने टूलेन सड़क स्वीकृत कराने की मांग की है, क्योंकि धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा से प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन गुजरते हैं। यही एक कारण है कि यह सड़क इन्ही कारणों से जल्दी खराब हूई है।लोग पुलिस सहायता की प्रतिक्षा कर रहे कि कतार में खड़े वाहन को किसी तरह निकालने में सहयोग मिलेगा लेकिन नहीं होने से लोगों में निराशा है।

### देवगांव में 1.75 लाख...

साहू, रमणिक साहू, छुईहा राजा, योगेश, सेंदर तुलसी साहू, बिजली नंदू यादव, कुण्डेल भुषण सिन्हा, जिनके किराना दुकान, जनरल दूकान, कपड़ा व्यवसाय, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, मोटर साइकिल रिपेयरिंग आदि व्यवसाय वालो में आक्रोश व्याप्त है। एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

वारदात वाले देवगांव ,चरभट्ठी रूट में सीसीटीवी कैमरे नहीं है। इसलिए थोड़ी दिक्कत हो रही है।

**- गौतम धावड़े,** टीआई, फिंगेश्वर थाना

**खबर संक्षेप**

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनीं सरिता ठाकुर



**मैनपुर।** मैनपुर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेत्री श्रीमति सरिता ठाकुर को भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्रीमति सरिता ठाकुर को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर उन्होने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री पवन साय एवं गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की बात कही है।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष बने प्रीतम सिन्हा



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के अनुमोदन पर गरियाबंद क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता प्रीतम सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके पूर्व में छुरा मंडल कोषाध्यक्ष एवम महामंत्री, मंडल अध्यक्ष पांडुका,भाजपा आर टी आई प्रदेश कार्यकारणी सदस्य,गरियाबंद मंडल के प्रभारी साहित संगठन के पदों पर निष्ठा पूर्वक कार्य किए हैं। प्रीतम सिन्हा जिला में पांडुका मंडल के अध्यक्ष रहते संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार संघर्ष किए।अपने मंडल कार्यकाल में युवा, महिलाओं, पूर्व शिक्षक एवं वरिष्ठ बुजुर्गों, छात्राओं एवं कवि का भी सम्मान कार्यक्रम अयोजित कर प्रदेश में पांडुका मंडल के नाम को शीर्ष पर पहुंचाया। वही प्रीतम सिन्हा अपने तेज तर्रार छवि के लिए भी जानें जाते हैं। साथ ही संगठन का लम्बा अनुभव हैं। जिसका लाभ जिला भाजपा संगठन को मिलेगा। नए पदाधिकारियोंकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। राजिम विधानसभा एवं जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है। विधायक रोहित साहू एवं जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मुंह मीठा कर बधाई दी तथा पार्टी की रीति नीति को अग्रसर करने की शुभकामनाएं दी।

**इन्होंने दी बधाई**

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सांसद रुपकुमारी चौधरी,राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद व भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी,बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी,पूर्व संतोष उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राम कुमार साहू, संजीव चंद्रकार,अंजू नायक,संदीप पाण्डेय,कमलेश साहू,किशन कंडारा, चंदन साहू,प्रकाश सिन्हा,ओमप्रकाश साहू,खिलेश्वर गोस्वामी,गुलशन सिन्हा हेमंत निर्मलकर ने बधाई दिया।

# विधायक इंद्रकुमार साहू ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ निकाली शिवधाम यात्रा

**नवापारा और राजिम के प्रमुख मंदिरों में हुआ भव्य स्वागत, बड़ी संख्या में रहे शिवभक्त शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

बुधवार को अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू अपनी धर्मपत्नि के साथ पवित्र सावन मास के पावन अवसर पर श्री शिवधाम यात्रा पर निकले।इस अवसर पर विधायक श्री साहू हजारों कार्यकर्ताओ के साथ सुबह सर्वप्रथम चंपारण स्थित श्री चम्पकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में विधि विधान पूर्वक जलाभिषेक पूजा अर्चना कर अपने शिवधाम यात्रा का प्रारंभ किया।

जो कि दोपहर 12 राजिम त्रिवेणी संगम बीच स्थित श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचे,यहां स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री साहू का ढोल बाजो के साथ बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक श्री साहू श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर जल अभिषेक पूजा अर्चना कर क्षेत्र प्रदेश एवं की खुशहाली की कामना की। इस प्रकार विधायक श्री साहू यहाँ से जल लेकर राजिम स्थित प्राचीन गरीब नाथ मंदिर पहुंचे वहां भी जलाभिषेक पूजा-अर्चना करने के बाद ग्राम कोपरा स्थित श्री कोपेश्वर नाथ महादेव मंदिर एवं गरियाबंद के प्रसिद्ध प्राचीन श्री भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक पूजा अर्चना के साथ का शिवधाम यात्रा की समापन की गई।

**ये भी हुए यात्रा में शामिल**

इस अवसर पर विधायक श्री साहू के साथ नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भाजपा के वरिष्ठतम नेता प्रसन्न शर्मा, नपा.उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण बजाज,भाजपा मंडल अध्यक्ष भारत, ग्राम तोरला सोसायटी अध्यक्ष बलराम साहू,पार्षदगण सचिन सचदेव,निर्मला-धीरज साहू, ग्राम चंपारण के शोभाराम साहू,भोलाराम चक्रधारी,मुकुंद मेश्राम, सौरभ सिंटू जैन,साधना सौरज, योगिता सिन्हा,धनमती साहू,पद्मनी सोनी,प्रभा बांसवार, संतोषी कंसारी,किरण सोनी,लता साहू,शांति बाई,सरोज बाई,सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी,ग्राम खोरपा के सरपंच नेहरू साहू,ग्राम सकरी सरपंच श्री साहू ,खोरबाहरराम साहू,चेतन साहू,फेकनू साहू,अनुज राजपूत,राजू रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शिव भक्त शामिल थे।





### कांग्रेस भवन में हुई बैठक

# संगठनात्मक मजबूती को लेकर कांग्रेस सक्रिय, सेक्टर-मंडल स्तर पर चुनाव

**गरियाबंद।** कांग्रेस पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में सेक्टर और मंडल स्तर पर आंतरिक चुनाव करा रही है। इसी क्रम में बुधवार को गरियाबंद कांग्रेस भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस द्वारा गरियाबंद जिला प्रभारी नियुक्त किए गए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल एवं विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिले में नियुक्त सेक्टर एवं मंडल चुनाव प्रभारियों को चुनाव संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 अगस्त तक सेक्टर एवं मंडल स्तर पर दावेदारों के सिंगल नाम भेजने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। यदि किसी स्थान पर सर्वसम्मति नहीं बनती है तो वहां से दो से तीन नाम भेजे जा सकते हैं, जिन पर संगठन बाद में अंतिम निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बार निचले स्तर से संगठन को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है। सेक्टर और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए योग्य कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए चुनाव प्रभारी स्थानीय कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सिफारिशी नाम भेजेंगे। धनेंद्र साहू ने यह भी बताया कि फिलहाल सेक्टर एवं मंडल स्तर पर चुनाव प्रक्रिया जारी है, जिसके पूर्ण होते ही संबंधित अध्यक्ष बूथ स्तर पर भी चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है और उन्हीं के पसंदीदा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।




**ये रहे उपस्थित**

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू, ठाकुर ओंकार सिंह, युगल पांडेय, संजय नेताम, रूपेश साहू, हरिशंकर श्रीवास्तव, अनिल चंद्राकर, प्रेम सोनवानी, छगन यादव सन्नी मेमन योगेश बघेल जुनेद खान समद खान, मोतीराम साहू मुकेश रामटेके अवध यादव समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छुरा कांग्रेस मंडल का निर्विरोध गठन, माहेश्वरी शाह बनीं अध्यक्ष

**छुरा।** कांग्रेस के सभी जोन (मंडल) के चुनाव पश्चात छुरा का गठन सभी 21 महत्वपूर्ण पदो का सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया। जिसमे सर्व प्रथम मंडल अध्यक्ष राज महल के बहु रानी महेश्वरी शाह को चुना गया वही कांग्रेस पार्टी छुरा मंडल के वरिष्ठ अनुभवी, आदिवासी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर को उपाध्यक्ष बनाये गये वही उपाध्यक्ष जय राम जगत सिवनी एवं ईन्दु देवांगन छुरा रहेंगे। कोषाध्यक्ष राजू चन्द्राकर छुरा, सचिव बूधराम मर काम लोहा, अकाश दीक्षित छुरा एवं अमर सिंह दीवान सारागांव, सह सचिव हरिराम सिन्हा टेंगनाबासा, देश बाई ध्रुव छुरा, जनता राम कमार देवरी, मिडिया प्रभारी सलीम मेमन छुरा, कार्यकारिणी सदस्यों में राजकुमारी सोनी छुरा, चमन साहु रावणभाठा, सतन ठाकुर, सुधे राम ठाकुर पीपराही, गंगा राम ध्रुव, बुढ़ान ध्रुव टेंगनाबासा, भरत ठाकुर पेंड्रा, पंच राम ओढ़े सिवनी, श्वेता चन्द्राकर छुरा, तोरन लाल ध्रुव लोहा, सुरेन्द्र ठाकुर कामराज को छुरा मंडल के कार्यकारिणी सदस्य के रुप में लिया गया है।



ये रहे उपस्थित : उक्त अवसर पर प्रमुख रुप से रमेश शर्मा, यशपेन्द्र शाह, भानू प्रताप, थानू राम, जय राम जगत, नियाज अहमद, योगेन्द्र चन्द्राकर,नपा उपाध्यक्ष अब्दुल समीम बाबा, अवधेश प्रधान, हरिश यादव, पार्षद रामजी दीवान, यास्मिन, मंजू ध्रुव, वरिष्ठ नेत्री राजकुमारी सोनी, दीलीप ठाकुर, जनता राम कमार देवरी, नंद देवगन, देव सिंग नेताम, शालिक राम, रामायण सारागांव, मंडल छुरा मिडिया प्रभारी सलीम मेमन सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रावण मास में भक्तिमय हुआ गिधनी शीतला मंदिर में हो रहा रामायण पाठ



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम गिधनी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम के शीतला मंदिर प्रांगण में श्रावण मास परायण रामायण का पाठ प्रतिदिन मंत्र उच्चारण स्तुति के साथ शाम 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है। यहां पाठ पूरे एक माह तक चलता है।

यहां एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें ग्राम के युवाओं द्वारा लोग एकत्र होकर रामायण का पाठ करते हैं। यह आयोजन श्रावण मास में किया जाता है, जो हिंदू कैलेंडर का एक पवित्र महीना है। श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है और इस सावन महीने में भगवान शिव की पूजा और आराधना की जाती है। श्रावण मास में रामायण का पाठ करना एक पारंपरिक और धार्मिक अनुष्ठान है,जो लोगों को आध्यात्मिक और मानसिक शांति प्रदान करता है।

- हर शाम 6 से 8 बजे तक होता है पाठ, गांव के युवा बन रहे हैं आयोजन का हिस्सा
- रामायण से मिलती है नैतिक शिक्षा, धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का प्रयास

**रामायण का महत्व**

रामायण एक पवित्र ग्रंथ है, जिसमें भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों का वर्णन किया गया है।रामायण का पाठ करने से लोगों को धार्मिक और नैतिक शिक्षा मिलती है, और यह उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है। श्रावण मास परायण रामायण का पाठ एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो स्थानीय लोगों को एकजुट करता है और उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ता है। रामायण पाठ करने वाला में प्रमुख रूप से कोमल सिंग ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर, यादराम ठाकुर, चेतन ठाकुर, लेखराम ठाकुर, पंकज ठाकुर, उमेश ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, विजय ठाकुर, लेमराज ठाकुर, लक्की, भीखम रोशन सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहते थे।

# 2 हजार मानदेय के विरोध में रसोईयों की निकली थाली-कलछी रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मात्र 2000 रुपए मासिक मानदेय और 30 साल की सेवा के बाद भी अनदेखी के विरोध में गरियाबंद जिले की रसोइयों ने तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की है। गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई थाली-कलछी रैली में हम भूखे क्यों रहें? जैसे नारों के साथ रसोईयों ने सरकार से मोदी गारंटी, कलेक्टर दर पर भुगतान और स्कूल मर्जर के बाद हटाई जा रहे लोगों की पुनर्नियुक्ति की मांग की।

- तीन दिवसीय हड़ताल शुरू
- 30 साल की सेवा के बाद भी अनदेखी

प्रदेश रसोइया संघ के अध्यक्ष रामराज कश्यप ने बताया कि 30 साल में मजदूरी सिर्फ 15 से बढ़कर 66 प्रतिदिन हुई है, जो महंगाई में मज़ाक से कम नहीं। विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में 100 दिन में 500 मानदेय वृद्धि का वादा किया गया था, लेकिन 17 महीने बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। स्थानीय रसोइया सावित्री देवांगन ने कहा, 2000 में बच्चों और जिम्मेदारियों के बीच कुछ भी संभालना संभव नहीं। इसलिए हम धरने पर बैठे हैं।

**हमारी गारंटी कब पकेगी**

अब गरियाबंद की रसोईयां सिर्फ स्कूल की रसोई नहीं, सरकार की नीतियों को भी गरम कर रही हैं। सवाल साफ है हमारी गारंटी कब पकेगी।

### मैनपुर जनपद सीईओ श्वेता वर्मा को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया

**मैनपुर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में मैनपुर को गोल्ड मेडल मिला है गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, गरियाबंद कलेक्टर बी एस उईके के उपस्थिति में मैनपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री श्वेता वर्मा को अतिथियो के द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि मैनपुर आकांक्षी ब्लॉक प्रदर्शनीय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में अभावो के बावजूद यहां के अधिकारी कर्मचारियो ने जो बेहतर कार्य किया है उसके लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है।




# छुरा के मिनी स्टेडियम में शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शिक्षा विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय शालेय कीड़ा चयन प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम छुरा में आयोजित हो रहा है विद्यालय छात्र - छात्राओं के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए प्रति वर्ष विविध कीड़ा प्रतियोगिता आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जाता है इस प्रतियोगिता में 141,7 ,19 वर्ष आयु वर्ग के बालक, बालिका भाग ले सकते हैं।

- युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका, वॉलीबॉल के बाद होंगे कई अन्य खेलों के मुकाबले
- समाजसेवी शीतल ध्रुव और जनपद सदस्य लक्ष्मण नेताम रहे मौजूद

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश में आज वॉलीबॉल बालक वर्ग आयु वर्ग 17, 19 चयन प्रतियोगिता संपन्न हुआ, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से शीतल ध्रुव, समाजसेवी, लक्षण नेताम जनपद सदस्य उपस्थिति रही। ऐथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, आदि खेलों का प्रतियोगिता कैलेंडर अनुसार आयोजित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रोटोकॉल अनुसार सभी विधाओं का चयन किया जा रहा है आगामी प्रतियोगिता के लिए विकासखंड के सभी विद्यालयों से विभिन्न आयु वर्ग अनुसार बालक बालिकाएं खेल विधाओं में भाग ले सकते हैं।



**इनका रहा विशेष सहयोग**

विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे खेल प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए विकासखंड नोडल डोमेश्वर कुमार ध्रुव, राजू साहू, पूरन साहू ,पंकज साहू ,रामप्रसाद साहू, संजीत कुमार निषाद, बलिराम टंडन, ईश्वर सेन, वसीम कुरेशी, खिलेश्वर साहू वरिष्ठ शिक्षक टंकेश्वर मरकाम का विशेष सहयोग रहा

**पुराने छात्रों ने साझा किए अनुभव, यूनिवर्सिटी को बताया अपनी सबसे बड़ी ताकत**

# आईएसबीएम विवि में लगा पूर्व छात्रों का कुंभ, यादों का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में बुधवार को एलुमिनी मीट -2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में उत्तीर्ण विश्वविद्यालय के पुराने छात्रों ने भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया। विवि के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. एन. कुमार. स्वामी ने कहा कि जब हम छात्र होते हैं तब तक पढ़ने के दौरान की गई गतिविधियों का महत्व समझ में नहीं आता, लेकिन जैसे ही हम संस्थान से दूर होते हैं उसका महत्व समझ में आने लगता है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हमारी सबसे बड़ी ताकत और हमारे विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं। उनका जुड़ाव हमारी पहचान को मजबूत करता है।

- विवि में आयोजित हुआ एलुमिनी मीट-2025
- पूर्व छात्र जड़ की तरह, इनकी मजबूती से तय होती है विश्वविद्यालय की ऊंचाई




स्वागत वक्तव्य देते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियाँ हमें प्रेरणा देती हैं और वर्तमान छात्रों के लिए एक दिशा भी तय करती हैं। यह सम्मेलन न केवल पुराने दोस्तों से मिलवाने का कार्य करता है बल्कि कई पेशेवर अवसरों के नए द्वार भी खोलता है। पूर्व छात्र गुलशन यादव ने छात्र जीवन की यादों को साझा करते हुए कहा कि अलग अलग जगहों और संस्कृतियों से आने वाले लोगों के साथ मिलकर पढ़ाई करना, इंटर्नशिप करना नया अनुभव होता है। एनएसएस इकाई के साथ मिलकर कुछ सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी अपनी इच्छा जाहिर की।

**छात्रों की बुनियादी समझ से होती है विवि की पहचान**

कला एवं मानविकी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर तिवारी ने कहा कि कोई भी विश्वविद्यालय केवल इमारतों और काग़ज़ों पर छपे प्रमाणपत्रों से नहीं पहचाना जाता, बल्कि अपने छात्रों की उपलब्धियों, उनके सोचने और काम करने के तरीक़े, तथा जीवन और समाज के प्रति उनकी बुनियादी समझ से पहचाना जाता है। पूर्व छात्र हमारे गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य के सेतु हैं। आप जैसा होंगे वैसी ही विश्वविद्यालय की संस्कृति विकसित होगी। फार्मेसी एवं एलाइड साइंस के विभागाध्यक्ष श्री युगलकिशोर राजपूत ने एलुमिनी एसोसिएशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एलुमिनी सदस्यों के साथ होने वाले विभिन्न बैठकों तथा उनके संगठन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में उत्तीर्ण बहुत सारे छात्रों ने भाग लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411